नोएडा एयरपोर्ट : पहले दिन से शुरू करें अंतरराष्ट्रीय सेवाएं

ग्रेटर नोएडा/जेवर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। रनवे और टर्मिनल बिल्डिंग का जायजा लेने के बाद नोएडा एयरपोर्ट के कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से उड़ान से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पहले दिन से अंतरराष्ट्रीय सेवाओं की तैयारी करें।

सीएम ने रनवे और टर्मिनल बिल्डिंग का निरीक्षण किया

एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए होने वाले अधिग्रहण में जनप्रतिनिधियों की मदद ली जाए। गांवों में इनकी मदद से अधिकारी शांतिपूर्ण अधिग्रहण के काम को पूरा करें। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य तय समयसीमा और गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों में यदि किसी भी तरह की परेशानी आती है तो शासन स्तर पर अवगत कराते हुए निस्तारण कराया जाए। सीएम ने अधिकारियों से यात्रियों के लिए दी जाने वाली सुविधाएं और रनवे तक आवागमन के साथ ही वाराणसी के घाटों की तर्ज पर तैयार की जा रही टर्मिनल बिल्डिंग की जानकारी ली। ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया आज से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब बनेगा। इसी क्रम में 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया की मेजबानी प्रदेश करेगा। सेमीकॉन के साथ ही इलेक्ट्रॉनिका इंडिया व प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया का भी आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सेमीकॉन इंडिया-2024 का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर 'डेवलपमेंट पवेलियन' का उद्घाटन भी किया जाएगा। ब्यूरो